न्यायालय जिला कलक्टर,भरतपुर

अपील / आरटीआई / 65 / 2021

नरेन्द्र कुमार पाण्डेय पता नरहरी भवन आई.टी.आई के पीछे पुरानी शिववाडी रोड पटेलनगर बीकानेर ।

बनाम

तहसीलदार भुसावर।

अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

आदेश **दिनांक 08.09.2021**

अपीलार्थी की यह अपील सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत प्रस्तुत हुई है। प्रकरण के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि नरेन्द्र कुमार पाण्डेय पता नरहरी भवन आई.टी.आई के पीछे पुरानी शिववाडी रोड पटेलनगर बीकानेर ने सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत जरिये प्रार्थना पत्र दिनांक 21.06.2021 तहसीलदार भुसावर से सूचना चाही गई थी। तहसीलदार भुसावर द्वारा सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। इस कार्यालय के पत्र कमांक / कोर्ट / 545 दिनांक 19.08.2021 के द्वारा तहसीलदार भुसावर से प्रार्थी को सूचना उपलब्ध नहीं कराये जाने बाबत रिपोर्ट तलब की गई। इस संबध तहसीलदार भुसावर से उनके पत्र कमांक / 293 दिनांक 07.09.2021 के द्वारा जबाब प्राप्त हुआ जो शामिल मिसिल किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। अपीलार्थी ने अपील में कथन किया है कि आरटीआई के तहत चाही गई सूचनाऐं तहसीलदार भुसावर ने उपलब्ध नहीं कराई गई हैं। अपीलान्ट ने तहसीलदार भुसावर से सूचनांऐं उपलब्ध कराये जाने की प्रार्थना की है। तहसीलदार भुसावर से प्राप्त जबाब पत्र कमांक 293 दिनांक 07.09.2021 का अवलोकन किया गया। तहसीलदार भुसावर ने अपने जबाब पेश करते हुये अपीलार्थी को भी पत्र कमांक 261 दिनांक 20.07.2021 की प्रति भी भिजवाई गई है। रेस्पो. ने अपीलांट को वांछित सूचनाऐं उपलब्ध करा दी हैं।

अस्तु अपील अपीलान्ट खारिज की जाती है। निर्णय की प्रति अपीलार्थी को (तहसीलदार भुसावर से प्राप्त पत्रादि की प्रति संलग्न कर) प्रेषित की जावे। निर्णय की प्रति तहसीलदार भुसावर को भी भेजी जावे।

(हिमांशु गुप्ता)
जिला कलक्टर
भरतपुर